आदेश

चयन वर्ष 2022–23 में रेडियो उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति हेतु उपलब्ध रिक्तियो के सापेक्ष उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ में दिनांक 17.07.2022 से 24.07.2022 तक सम्पन्न विभागीय चयन समिति की बैठक में समिति द्वारा मा0न्यायालय, सीवान(बिहार) में विचाराधीन वाद केस सं0–158/2013 कृष्ण चन्द्र मिश्र बनाम मंशा मिश्रा व अन्य में प्र0परि0(यॉ)/3768 अजय कुमार मिश्र (पीएनओ–971024409) को प्रतिवादी संख्या–2 बनाये जाने एवं दिनांक 23.03.2022 को नोटिस जारी होने के कारण तत्चयन वर्ष की 01 रिक्ति को आरक्षित रखते हुए उनका **प्रोन्नति परिणाम मुहर बन्द लिफाफे में रखा गया था।**

2– उक्त वाद में मा0न्यायालय के पारित निर्णय दिनांक 27.07.2022 द्वारा प्रतिवादी संख्या–1 के विरुद्ध, प्रतिवादी संख्या–2 के साथ व्यभिचार (Adultery) सम्बन्धी आरोप को प्रमाणित न कर पाने के फलस्वरुप वादी द्वारा लगाये गये आरोप संख्या–3, 4 व 5 को Negative पाया गया तथा उक्त वाद को निरस्त कर दिया गया।

3– प्रश्नगत वाद में मा0न्यायालय के पारित निर्णय दिनांक 27.07.2022 के विरुद्ध शासकीय अपील के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, सीवान (बिहार) से प्राप्त आख्यानुसार प्रधान परिचालक(यांत्रिक)/3768 अजय कुमार मिश्र पु0 स्व0 सुरेन्द्र मिश्रा, सा0–सैरेजी, थाना–खामपार, जिला–देवरिया, उत्तर प्रदेश के विरुद्ध सम्बन्धित थाने में कोई प्रतिकूल टिप्पणी अंकित नही पायी गयी।

4– अतएव श्री मिश्र के विरुद्ध मा0न्यायालय, सीवान(बिहार) में योजित केस सं0–158/2013 कृष्ण चन्द्र मिश्र बनाम मंशा मिश्रा व अन्य को मा0न्यायालय के पारित आदेश दिनांक 27.07.2022 द्वारा अन्तिम रुप से निस्तारित कर दिये जाने तथा श्री मिश्र के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने में कोई प्रतिकूलता न पाये जाने की दशा में राज्याधीन सरकारी सेवा में सेवारत कार्मिको की प्रोन्नतियों के लिए होने वाले चुनावो में बन्द लिफाफे की कार्यवाही आदि की प्रक्रिया का निर्धारण विषयक शासनादेश संख्याः 13/21/89–का–1–1997 दिनांक 28.05.1997 के प्रस्तर–7(क) पर प्रदत्त व्यवस्थानुसार प्र0परि0(यां0)/3768 अजय कुमार मिश्र का मुहर बन्द लिफाफा खोला गया तथा तत्समय विभागीय चयन समिति द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर प्र0परि0(यॉ)/3768 अजय कुमार मिश्र (पीएनओ–971024409) को उनके आसन्न कनिष्ठ प्रधान परिचालक/3588 अनमोल सिंह चौहान (पीएनओ–971024412) के रेडियो उपनिरीक्षक पद पर कार्य–भार ग्रहण करने की तिथि 06.03.2023 से रेडियो उपनिरीक्षक (वेतन मैट्रिक्स लेबल–7 सादृश्य वे0बै0 9300–3400 व ग्रे0पे0 4600) पद पर नोशनल पदोन्नति प्रदान की जाती है।

संख्याः पी–985/2023
दिनांकः मई 22 ,2024

(प्रदीप गुप्ता)
पुलिस उपमहानिरीक्षक(दूरसंचार)मुख्यालय,
उ0प्र0पुलिस रेडियो मुख्यालय,
महानगर, लखनऊ।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1– पुलिस अधीक्षक, महराजगंज।
2– राज्य रेडियो अधिकारी, गोरखपुर जोन, गोरखपुर।
3– सहायक रेडियो अधिकारी, गोरखपुर/कार्मिक।
4– रेडियो निरीक्षक, कार्मिक।
5– रेडियो निरीक्षक, प्रतिसार को हि0आ0पु0 में अंकन हेतु।
6– प्रभारी, सरवर, उ0प्र0पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ को बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

निम्नलिखित को सादर अवलोकनार्थ –

1– पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0।
2– अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, उ0प्र0।
3– सदस्य, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।